**जलापूर्ति** • गर्मी बढ़ते ही घटेगा जलस्तर, जेकवैल तक पानी लाने मई में ही खोदना पड़ सकती है कैनाल

# 6 माह में 8.4 मी. खाली हुआ धोलावड़ डेम, दोनों नहरें बंद, अब 4 फीट पानी ही बचा

• बुधवार को रावटी-देवला वाली नहर का पानी रोका

भास्कर संवाददाता | रतलाम

सूरज के तेवर के साथ पान की कमी के संकेत भी मिलने लगे हैं। सितंबर में लबालब हुआ एकमात्र जलस्रोत धोलावड़ डेम 6 माह में 8.4 मीटर खाली हो चुका है। जलस्तर घटने की रफ्तार को देखकर जलसंकट भांपते डेम से सिंचाई के वास्ते नहरों में छोड़ा जाने वाला पानी बंद कर दिया है। यह किसानों के साथ शहरवासियों के लिए भी चिंता वाली बात है। यूं तो धोलावड़ डेम में भरपूर पानी है, लेकिन जलस्तर फरवरी में ही नए इंटकवेल से नीचे उतर चुका है। अब तो इंटकवेल से लगभग 500 मीटर आगे बने जैकवेल तक भी सिर्फ 4 फीट पानी बचा है।

शहर में आपूर्ति के लिए नगर निगम डेम से रोजाना 5 सेमी पांच खींच रहा है। ऐसे चार फीट यानी 121 सेमी खाली होने में सिर्फ 24 दिन लगेंगे। इसके बाद पहले पंप डालकर फिर कैनाल खोदकर जैकवेल तक पानी लाना पड़ेगा।

### शहर के पानी का गणित

**34** से 35 एमएलडी अभी जरूरत

**31** से 32 एमएलडी अभी मिल रहा

**1** से 1.5 एमएलडी हैंडपंप व ट्यूबवेल से मिल रहा

**1** से 2 एमलडी कमी

**40** से 41 एमलएलडी मई-जून में अनुमानित जरूरत

### धोलावड़ डेम के जलस्तर की स्थिति

**395** मीटर क्षमता

**386.60** मीटर 10 मार्च 2021

**8.4** मीटर 6 माह में जलस्तर घटा

**387.40** मीटर 10 मार्च 2020

**385.50** मीटर 10 मार्च 2019

**380** मीटर डेड स्टोरज

**अभी इंतजार बाकी :** जुलाई से पहले शहर में शुरू नहीं हो पाएगा नियमित जलप्रदाय



फरवरी में पानी के दूर चले जाने के बाद सूखा पड़ा नया इंटकवेल। फोटो-हिम्मत लखेरा (रावटी)

यही हलात रहे तो मुख्यमंत्री की घोषणा अनुसार जुलाई से शहर में नियमित जलप्रदाय प्रारंभ नहीं हो पाएगा। 14 दिसंबर को विधायक चेतन्य काश्यप ने कस्तूरबा नगर टंकी से इसकी शुरुआत की थी। इसके बाद से निगम का जलप्रदाय अमला व्यवस्था सुधारने में लगा है, लेकिन उसका बहुत ज्यादा असर देखने को नहीं मिल रहा। अभी भी निगम अधिकतम 32 एमएलडी पानी ही लिफ्ट कर रहा है, जबकि नियमित सप्लाई में 45 एमएलडी जरूरी होगा। हालांकि निगम 23 अक्टूबर से अब तक 163 वॉल्व और पाइप लाइन के 906 छोटे-बड़े लीकेज ठीक कर चुका है, लेकिन पुरानी पाइप लाइन के बार-बार फूटने के कारण पर्याप्त पानी शहर तक नहीं पहुंच पा रहा।

### दूसरे दिन भी शाम को बंटा पानी

बुधवार को लगातार दूसरे दिन पोलोग्राउंड और गोशाला टंकी से सुबह की बजाए 11 घंटे की देरी से शाम 5 बजे से पानी दिया गया। सोमवार को हाट रोड पर पाइप लाइन फुटने के कारण मंगलवार को टंकी भरने के बाद शाम को सप्लाई दी गई थी। इससे खाली हुई टंकियां बुधवार सुबह तक नहीं भरा पाई इसलिए दोपहर तक टंकी भरकर शाम को सप्लाई देना पड़ी। गुरुवार से शेड्यूल के अनुसार सप्लाई शुरू हो जाएगी।

*▪ डेम का पानी जैकवेल तक भी बहुत कम बचा है। मार्च-अप्रैल तक तो आपूर्ति हो जाएगी। इसके बाद पहले पंप डालेंगे। उसके बाद जरूरत हुई तो कैनाल खोदकर पानी को जैकवल तक लाएंगे। नियमित सप्लाई की कोशिश चल रही है, तब लगभग 45 एमएलडी की जरूरत होगी। उसके मुताबिक तैयारी कर रहे हैं।*

**सत्यप्रकाश आचार्य,** इंजीनियर-जलप्रदाय निगम

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार प्रसारण ----पृष्ठ 10 दिनांक 11/03/2021

# सभी त्यौहार हर्षोल्लास के साथ, लेकिन सावधानी पूर्वक मनाएं : कलेक्टर

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

कलेक्टर गोपालचन्द्र डाड ने कहा है कि जिले में सभी समाजों के धार्मिक त्यौहार हर्षोल्लास के साथ एवं सावधानी पूर्वक मनाने का शांति समिति के सभी सदस्यों द्वारा एक मत से निर्णय लिया गया है।

विगत सप्ताह में कोरोना के तेजी से बढ़ते संक्रमण को देखते हुए यह जरूरी है कि त्यौहार आयोजन के दौरान सावधानी अनिवार्य रूप से बरती जाए। आयोजनकर्ता अनिवार्य रूप से मास्क, सेनिटाईजर तथा आपस में दो गज की दूरी का पूरे कार्यक्रम में पालन करवाए। जनभावना को दृष्टिगत रखते हुए प्रसादी वितरण व्यवस्था परम्परा अनुसार ही रहेगी, लेकिन संक्रमण से बचाव हेतु नवीन व्यवस्था अनुसार प्रसादी को घर ले जाकर परिवार वालों के साथ ग्रहण करने का अनुरोध आयोजनकर्ता करेंगे। सभी यह ध्यान रखें कि कोई भी व्यक्ति मास्क नहीं हटाए।

जिला प्रशासन द्वारा धार्मिक यात्रा, रैली/जुलुस की अनुमति दी गई है एवं आवेदन प्रस्तुत करने पर समय- समय पर मांग अनुसार सतत् दी जा रही है।

कलेक्टर श्री डाड ने कहा है कि जिले में विगत चार-पांच दिनों में बढ़ते हुए कोरोना मरीजों की संख्या एवं गत दिवस 9 मार्च को एक माह बाद पुनः एक और नागरिक की मृत्यु चिन्ताजनक है। अतः शांति समिति की अपील अनुसार नागरिक त्यौहार हर्षोल्लास के साथ सावधानी पूर्वक ही मनाएं।

प्रसारण - 11

# सभी त्यौहार हर्षोउल्लास के साथ लेकिन सावधानी पूर्वक मनाएं- कलेक्टर श्री डाड

रतलाम। कलेक्टर गोपालचन्द्र डाड ने कहा है कि जिले में सभी समाजों के धार्मिक त्यौहार हर्षोउल्लास के साथ एवं सावधानी पूर्वक मनाने का शांति समिति के सभी सदस्यों द्वारा एक मत से निर्णय लिया गया है। विगत सप्ताह में कोरोना के तेजी से बढ़ते संक्रमण को देखते हुए यह जरूरी है कि त्यौहार आयोजन के दौरान सावधानी अनिवार्य रूप से बरती जाये। आयोजनकर्ता अनिवार्य रूप से मास्क, सैनीटाईजर तथा आपस में दो गज की दूरी का पूरे कार्यक्रम में पालन करवायें। जनभावना को दृष्टिगत रखते हुए प्रसादी वितरण व्यवस्था परम्परा अनुसार ही रहेगी, लेकिन संक्रमण से बचाव हेतु नवीन व्यवस्था अनुसार प्रसादी को घर ले जाकर परिवार वालों के साथ ग्रहण करने का अनुरोध आयोजनकर्ता करेंगे। सभी यह ध्यान रखें कि कोई भी व्यक्ति मास्क नहीं हटाये।

जिला प्रशासन द्वारा धार्मिक यात्रा, रैली/जुलूस की अनुमति दी गई है एवं आवेदन प्रस्तुत करने पर समय-समय पर मांग अनुसार सतत् दी जा रही है। कलेक्टर श्री डाड ने कहा है कि जिले में विगत चार-पांच दिनों में बढ़ते हुए कोरोना मरीजों की संख्या एवं 9 मार्च को एक माह बाद पुनः एक ओर नागरिक की मृत्यु चिन्ताजनक है। अतः शांति समिति की अपील अनुसार नागरिक त्यौहार हर्षोउल्लास के साथ सावधानी पूर्वक ही मनाएं।

# विरोध का असर : पूरे उत्साह से मनाओ अब त्योहार, प्रसाद बंटेगा, घर जाकर खाना होगा

## दो दिन पहले शांति समिति की बैठक में लगाए थे प्रतिबंध, हिंदू संगठनों के विरोध पर निर्णय बदला

भास्कर संवाददाता | रतलाम

कोविड-19 के चलते प्रशासन द्वारा आगामी त्योहारों को लेकर लगाए गए प्रतिबंध दो दिन बाद ही वापस लेना पड़ गए। वजह प्रतिबंध के फैसले के बाद से बढ़ता हिंदू संगठनों का विरोध रहा। अब शहरवासी आगामी सारी त्योहार पूरे उत्साह के साथ मना सकेंगे। प्रसाद भी परंपरानुसार ही बंटेगा। बस उसे कोविड-19 से सुरक्षा को लेकर तमाम सावधानियों और गाइडलाइन का पालन करना होगा। प्रसाद भी घर जाकर परिवार के साथ खाना होगा। प्रशासन द्वारा धार्मिक यात्रा, रैली, जुलूस की भी त्वरित अनुमति दी जाएगी।

बता दें कि 8 मार्च को हुई शांति समिति की बैठक में कलेक्टर ने त्योहारों पर प्रसाद बांटने, होली पर गैर निकालने, गोठ करने पर प्रतिबंध लगा दिया था। साथ ही धार्मिक यात्रा, जुलूस व अन्य कार्यक्रम, नए स्थान पर होली दहन और पुराने स्थानों पर डीजे, माइक के लिए अनुमति लेने की व्यवस्था दी थी। इसका दो दिन से हिंदू संगठन विरोध कर रहे थे। मंगलवार को धानमंडी में हिंदू संगठनों ने शांति समिति का पुतला फूंक दिया था। जनभावना को देखते हुए बुधवार को प्रशासन को अपना फैसला बदलना पड़ा।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नईदुनिया–पृष्ठ 14 दिनांक 11/03/2021

बैठक **सीवरेज, जल वितरण, गंदगी को बनाया मुद्दा**

# समस्या निराकरण के लिए निगम का घेराव करेगी कांग्रेस

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** नगरीय निकाय चुनावों की घोषणा होने से पहले कांग्रेस भी चुनावी मोड में आ गई है। बुधवार को जिला शहर कांग्रेस की बैठक गांधी उद्यान में हुई। बैठक में नगर निगम में व्याप्त अव्यवस्थाओं, सीवरेज लाइन से हो रही परेशानी, जल प्रदाय वितरण में अव्यवस्था, लचर सफाई व्यवस्था, राशन कार्ड, लीज वृद्धि संबंधी कई मुद्दों को लेकर नगर निगम प्रशासन के विरुद्ध आंदोलन की रूपरेखा पर चर्चा की गई।

**पहले ब्लाक स्तर पर घेराव**

शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्णय किया गया कि पहले ब्लाक स्तर पर फिर पूरे शहर में जंगी प्रदर्शन कर नगर निगम का घेराव किया जाएगा।



गांधी उद्यान में संबोधित करते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया। • नईदुनिया

बैठक में पूर्व नेता प्रतिपक्ष यास्मीन शेरानी, प्रदेश महासचिव प्रभु राठौड़, ब्लाक अध्यक्ष बसंत पंड्या, विजय सिंह चौहान, कमरुद्दीन कछवाय, पूर्व नेता प्रतिपक्ष मुबारिक खान, शांतिलाल वर्मा, नासिर कुरैशी, राजीव रावत, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सैयद बुरहद, एनएसयूआइ अध्यक्ष नीलेश शर्मा, प्रदेश महिला महामंत्री अदिति दवे सर, राकेश झालानी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष मीना बग्गा, महिला सेवा दल अध्यक्ष संगीता कांकरिया, प्रवक्ता जोएब आरिफ, शैलेंद्र सिंह अठाना, आइटी सेल के हिम्मत जैतवार, हितेश पैमाल, बबीता नागर, साबिर हुसैन, पुष्पा यादव, दीप्ति दीक्षित, निशा ऐडना प्रदेश सचिव महिला कांग्रेस, कैलाश सोलंकी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। संचालन सेवादल प्रदेश सचिव रजनीकांत व्यास ने किया। आभार विनोद मिश्रा मामा ने माना।

11-1 MW 33 E

**निकाय चुनाव की घोषणा के पहले सीवरेज को भूनाने की योजना**

# कांग्रेस के दावेदारों से किया सवाल, बताओं किस विषय पर करें आंदोलन

**रतलाम.** निकाय चुनाव की संभावनाओं के बीच शहर कांग्रेस ने दावेदारों से सवाल किया है कि वे बताए किस विषय पर आंदोलन करके आमजन के करीब हुआ जा सकता है। इसके लिए बुधवार दोपहर को नगर निगम के सामने स्थित महात्मा गांधी उद्यान में बड़ी बैठक का आयोजन किया गया। कार्यकर्ताओं व दावेदारों ने सीवरेज योजना की वजह से हो रही समस्या को मुद्दा बनाने को कहा है।

निकाय चुनाव की चल रही सुगबुगाहट के बीच कांग्रेस ने सभी वार्डो में मिलाकर करीब 200 से अधिक दावेदार व संगठन के वरिष्ठ नेताओं की आपात बैठक बुलाई। कांग्रेस का मानना है कि संभवत 15 मार्च के बाद आचार संहिता लगाई जा सकती है। इसलिए उसके पूर्व आंदोलन करके जनता का मूड भांपा जा सकता है। इसलिए ही बैठक में सबसे पहले शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने भाषण दिया व यह साफ कर दिया कि बैठक का उद्देश्य मात्र शहर व वार्डों की समस्या को लेकर आंदोलन की तैयारी है।



## सीवरेज को भूनाएंगे

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बसंत पंड्या, कमरुद्दीन कछवाया, मुबारिक खान, विजयसिंह चौहान, संगीता कांकरिया, यास्मीन शेरानी, हितेश पेमाल, निशा एविड सहित करीब 200 दावेदारों ने एक स्वर में तीन वर्षों से शहर में सीवरेज योजना के नाम पर हो रही परेशानी का मामला उठाकर आंदोलन करने का सुझाव दिया। इस दौरान रजनीकांत व्यास सहित अन्य ने राशन कार्ड में नए नाम जोड़ने पर लगाई गई रोक का मामला उठाकर आंदोलन करने की बात कही। करीब दो घंटे तक की बैठक में मिलकर यह निर्णय हुआ कि वार्ड - वार्ड में आंदोलन किया जाएगा। बड़ा आंदोलन नगर निगम के गेट पर ताले लगाने का होगा।

पत्रिका - 11

भास्कर - 11

**कांग्रेस ने बनाई जन आंदोलन की रूपरेखा**

रतलाम | शहर कांग्रेस जल्द ही नगर निगम की अव्यवस्थाओं, सीवरेज की खुदाई से परेशानी, अव्यवस्थित जलप्रदाय, लचर सफाई को लेकर आंदोलन करेगा। जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया की अध्यक्षता में हुई बैठक में पहले ब्लॉक स्तर पर प्रदर्शन, फिर पूरे शहर में जंगी प्रदर्शन कर निगम का घेराव करने का फैसला लिया गया।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– राज एक्सप्रेस पृष्ठ 09 दिनांक 11/03/2021

## शांति समिति के सामाजिक व राजनीतिक सदस्यों के प्रति व्यापक नाराजगी

# शांति समिति के निर्णय से भड़के लोगों ने सोशल मीडिया पर जमकर भड़ास निकाली

- शासकीय एवं राजनीतिक कार्यक्रमों में कोई गाइडलाइन नही होने से भड़के हुए है लोग
- शांति समिति के बचाव में कलेक्टर को जारी करना पड़ी अपील

रतलाम (आरएनएन)। आगामी त्यौहारों के मद्देनजर आयोजित शांति समिति की बैठक के निर्णयों पर नाराज हिन्दू संगठन एवं आमजनों ने आपत्ति व्यक्त की है। सोशल मीडिया पर जमकर अपनी नाराजगी जाहिर करने वाले लोगों का सिलसिला निरंतर बढता जा रहा है। जिस पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर श्री डांड को शांति समिति के निर्णयों के पालन की अपील करना पड़ रही है।



राजनीतिक और अन्य शासकीय कार्यक्रमों में किसी प्रकार की कोई गाईडलाइन फालो नहीं होने से नाराज हिन्दू संगठन और आमजन सोशल मीडिया पर जमकर अपनी भड़ास निकाल रहे है। सोशल मीडिया पर लोगों ने शांति समिति के सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र के सदस्यों के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। लोगों ने तो आगामी चुनाव में राजनीतिक क्षेत्र के लोगों को सबक सिखाने का संकल्प भी ले लिया है। आगामी समय में त्यौहारों के मद्देनजर माहौल सामान्य रहे इस हेतु कलेक्टर गोपालचंद्र डांड ने आमजनों से अपील करते हुए कहा कि जिले में सभी समाजों के धार्मिक त्यौहार हर्षोल्लास के साथ एवं सावधानी पूर्वक मनाने का शांति समिति के सभी सदस्यों द्वारा एक मत से निर्णय लिया गया है। विगत सप्ताह में कोरोना के तेजी से बढते संक्रमण को देखते हुए यह जरूरी है कि त्यौहार आयोजन के दौरान सावधानी अनिवार्य रूप से बरती जाये। आयोजनकर्ता अनिवार्य रूप से मास्क, सैनीटाईजर तथा आपस में दो गज की दूरी का पूरे कार्यक्रम में पालन करवायें। जनभावना को दृष्टिगत रखते हुए प्रसादी वितरण व्यवस्था परम्परा अनुसार ही रहेगी, लेकिन संक्रमण से बचाव हेतु नवीन व्यवस्था अनुसार प्रसादी को घर ले जाकर परिवार वालों के साथ ग्रहण करने का अनुरोध आयोजनकर्ता करेंगे। सभी यह ध्यान रखे कि कोई भी व्यक्ति मास्क नहीं हटाये। जिला प्रशासन द्वारा धार्मिक यात्रा, रैली/जुलुस की अनुमति दी गई है एवं आवेदन प्रस्तुत करने पर समय-समय पर मांग अनुसार सतत् दी जा रही है।

### मृत्यु चिंताजनक

कलेक्टर श्री डाड ने कहा है कि जिले मे विगत चार-पांच दिनों में बढ़ते हुए कोरोना मरीजों की संख्या एवं गत दिवस 9 मार्च को एक माह बाद पुनः एक ओर नागरिक की मृत्यु चिन्ताजनक है। अतः शांति समिति की अपील अनुसार नागरिक त्यौहार हर्षोल्लास के साथ सावधानी पूर्वक ही मनाएं। २१७-११

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार चेतक एक्सप्रेस –पृष्ठ 12 दिनांक 18/03/2021

# आगामी त्यौहारों का आयोजन कोरोना प्रोटोकॉल के अनुसार होगा, जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में दी गई जानकारी

**रतलाम।** रतलाम जिले में आगामी त्यौहारों का आयोजन कोरोना प्रोटोकॉल के अनुसार किया जाएगा। संक्रमण से आमजन को बचाने के लिए लोगों के भीड़ के रूप में एकत्रीकरण को हतोत्साहित किया जाएगा। यह जानकारी कलेक्टर श्री गोपालचंद्र डाड द्वारा जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में दी गई। कलेक्टर ने बताया कि जिले में कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए धारा 144 के तहत प्रतिबंध लागू किए गए हैं। जिले में मास्क उपयोग अनिवार्य करने के लिए सघन अभियान संचालित किया जाएगा।

कलेक्टर ने बैठक में सदस्यों से कहा कि कोरोना का खतरा बरकरार है। यूएसए तथा यूके से आ रही कोरोना वेव खतरनाक सिद्ध हो सकती है, इसके लिए रोकथाम उपाय आवश्यक है। सभी लोग मास्क का उपयोग करें, सेनीटाइजर और 2 गज की दूरी का पालन करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सुनील पाटीदार, एसडीएम श्री एम.एल. आर्य, श्री अभिषेक गहलोत, सीएसपी श्री हेमंत चौहान, शांति समिति सदस्य श्री शैलेंद्र डागा, शहर काजी श्री अहमद अली, श्री प्रदीप उपाध्याय, श्री मनोहर पोरवाल, श्री महेंद्र गादिया, श्री गोविंद काकानी, श्री शरद जोशी, श्री राजेश मूणत, श्री जमील पटेल, श्री एम.एल. नगावत, श्री सलीम आरिफ, श्री अशोक चौटाला, श्री ओमप्रकाश त्रिवेदी आदि उपस्थित थे।



त्योहारों के दृष्टिगत कलेक्टर ने बताया कि प्रसादी वितरण नहीं किया जा सकेगा। होली पर गैर नहीं निकलेगी। गोठ का आयोजन नहीं होगा। त्योहारों पर प्रसाद प्रसादी वितरण नहीं होगा। किसी भी प्रकार की धार्मिक यात्रा, जुलुस के लिए अनुमति लेना होगी जिसके लिए परिस्थिति अनुसार प्रशासन विचार करेगा। होलिका दहन पर नवीन स्थल के लिए अनुमति लेना होगी, पुराने स्थलों पर डीजे माइक के लिए अनुमति लेना होगी बैठक में अपील की गई कि कोरोना से बचाव के लिए लोग रंग नहीं खेलें।

सदस्यों द्वारा ध्यानाकर्षण पर पुलिस अधीक्षक श्री तिवारी ने सीएसपी श्री चौहान को निर्देशित किया कि शहर में टू व्हीलर पर तीन सवारी अब दिखनी नहीं चाहिए। साथ ही तेज स्पीड में टू व्हीलर चलाने वाले के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें, उनको पकड़कर न्यायालयीन कार्रवाई की जाए। चेत-10

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार इन्दौर समाचार पृष्ठ 06 दिनांक 10/03/2021

# वार्ड 3, 7, 8, 17, 18 व 19 में जीरो वेस्ट का कार्य निरंतर जारी

## जीरो वेस्ट वार्ड बनाने में नागरिकों का मिल रहा भरपुर सहयोग

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार रतलाम नगर को जीरो वेस्ट बनाये जाने के तहत वार्ड क्रमांक 3, 7, 8, 17, 18 व 19 को जीरो वेस्ट वार्ड बनाया गया है वही स्व सहायता समूह की रैग पिकर्स महिलाओं को शहर में ही रोजगार मिलने के साथ ही सूखे कचरे का निष्पादन भी हुआ। वार्ड क्रमांक 7, 8, 17 व 19 को जीरो वेस्ट वार्ड बनाये जाने की सफलता व नागरिकों के उत्साह को देखते हुए निगम आयुक्त झारिया ने जीरो वेस्ट वार्ड में 2 वार्ड ओर शामिल किये जिसके तहत वार्ड 3 व 18 में 08 मार्च सोमवार से कार्य प्रारंभ किया गया जो 100 प्रतिशत सफल रहा।

इन्दौर - 10

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने आयोजित बैठक में जीरो वेस्ट वार्डों में किये जा रहे कार्यों की नियुक्त वार्ड पर्यवेक्षकों से सिलसिलेवार जानकारी प्राप्त कर निर्देशित किया कि वार्डों की सड़कों एवं नाले-नालियों का कार्य युद्ध स्तर पर किया जाये साथ ही रात्रीकालिन सफाई के कार्य में पुरी निगरानी रखी जाये। उन्होंने निर्देशित किया अगर सभी टीम भावना के साथ कार्य करेंगे तो रतलाम को स्वच्छता में नम्बर 1 बनाने से कोई नहीं रोक सकता इस हेतु सफाई संरक्षक 8 घन्टे अपने कर्तव्य स्थल पर सफाई का कार्य संपादित करें। साथ ही शहर के सार्वजनिक शौचालय, मुत्रालयों की नियमित धुलाई, सफाई, कीटनाशक दवा छिड़काव, प्रकाश, पानी आदि की व्यवस्था रखी जाये। बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि नगर को गारबेज फ्री सिटी बनाने के लिये नगर में कहीं भी कचरा स्थान नहीं बने इसका विशेष ध्यान रखा जाये तथा खुले में कचरा फेंकने वालो पर जुर्माना किये जाने कार्यवाही में तेजी लाई जाये। इसके अलावा उन्होंने निर्देशित किया कि सभी सड़कों की स्वीपिंग कराई जाये साथ ही व्यावसायिक क्षेत्रों में रात्रिकालीन स्वीपिंग करवाई जाये। आयोजित बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जी.के. जायसवाल, स्वच्छता कनसलटेंट प्रतीक मिश्रा, सहायक यंत्री श्याम सोनी, एम.के. जैन, सत्यप्रकाश आचार्य, निगम सचिव जसवन्त जोशी, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, उपयंत्री सुहास पंडित, बी.एल. चौधरी, राजेश पाटीदार, विकास मरकाम, ब्रजेश कुशवाह, दीक्षा निजामपुरकर, सिद्धार्थ सोनी, श्रीमती अनिता ठाकुर, स्टेनोग्राफर श्री प्रमोद तिवारी, सिटी मैनेजर कपील मारोठिया, नितिन तिवारी, कार्यालय अधीक्षक रामचन्द्र शर्मा, झोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े, उद्यान पर्यवेक्षक धर्मेन्द्र दोगाया, अनील पारा, उप स्वच्छता पर्यवेक्षक, दरोगा आदि उपस्थित रहे।

## वार्ड 3, 7, 8, 17, 18 व 19 में जीरो वेस्ट का कार्य निरंतर जारी

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार रतलाम-नगर को जीरो वेस्ट बनाये जाने के तहत वार्ड क्रमांक 3, 7, 8, 17, 18 व 19 को जीरो वेस्ट वार्ड बनाया गया है वहीं स्व सहायता समूह की रैग पिकर्स महिलाओं को शहर में ही रोजगार मिलने के साथ ही सूखे कचरे को निष्पादन भी हुआ। वार्ड क्रमांक 7, 8, 17 व 19 को जीरो वेस्ट वार्ड बनाये जाने की सफलता व नागरिकों के उत्साह को देखते हुए निगम आयुक्त झारिया ने जीरो वेस्ट वार्ड में 2 वार्ड और शामिल किये जिसके तहत वार्ड 3 व 18 में 08 मार्च सोमवार से कार्य प्रारंभ किया गया जो 100 प्रतिशत सफल रहा। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने आयोजित बैठक में जीरो वेस्ट वार्डों में किये जा रहे कार्यों की नियुक्त वार्ड पर्यवेक्षकों से सिलसिलेवार जानकारी प्राप्त कर निर्देशित किया कि वार्डों की सड़को एवं नाले – नालियों का कार्य युद्ध स्तर पर किया जाये साथ ही रात्रीकालिन सफाई के कार्य में पुरी निगरानी रखी जाये। उन्होंने निर्देशित किया अगर सभी टीम भावना के साथ कार्य करेंगे तो रतलाम को स्वच्छता में नम्बर 1 बनाने से कोई नही रोक सकता इस हेतु सफाई संरक्षक 8 घन्टे अपने कर्तव्य स्थल पर सफाई का कार्य संपादित करे। साथ ही शहर के सार्वजनिक शौचालय, मुत्रालयो की नियमित धुलाई, सफाई, कीटनाशक दवा छिड़काव, प्रकाश, पानी आदि की व्यवस्था रखी जाये। बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि नगर को गारबेज फ्री सिटी बनाने के लिये नगर में कही भी कचरा स्थान नही बने इसका विशेष ध्यान रखा जाये तथा खुले में कचरा फेंकने वालो पर जुर्माना किये जाने कार्यवाही में तेजी लाई जाये। इसके अलावा उन्होंने निर्देशित किया कि सभी सड़को की स्वीपिंग कराई जाये साथ ही व्यावसायिक क्षेत्रों में रात्रिकालीन स्वीपिंग करवाई जाये।

प्रसारण-11


कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस में सीएम शिवराज ने दिखाए तेवर

# 'ये अफसर फील्ड के लायक नहीं, लिखा-पढ़ी का काम दो'

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

भोपाल. मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस में फिर सख्त तेवर दिखाए। उन्होंने साफ कहा कि लापरवाह व्यक्ति को मैदान में नहीं रखा जाएगा। कॉन्फ्रेंस के दौरान ही कोरोना वैक्सीनेशन में लापरवाही बरतने पर अनूपपुर सीएमएचओ को हटा दिया। बोले- इन सीएमएचओ को हटाओ और लिखा-पढ़ी का काम दो। ये फील्ड के लायक नहीं हैं।

सुबह 11 बजे शुरू हुई कॉन्फ्रेंस रात 8 बजे तक चली। इस दौरान शिवराज ने कई योजनाओं की समीक्षा की। कहा, जिन लोगों ने गरीबों को लूटा, उनके खिलाफ एफआइआर करो और जेल में डालो। जिन संस्थाओं ने अवैध रजिस्ट्रियां की उनके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाए। उन्होंने कहा, भूमाफिया पर कार्रवाई को देखकर अब निजी बिल्डर भी अपने रोजमर्रा के विवाद जल्द से जल्द सुलझा रहे हैं, ताकि उन पर कार्रवाई न हो जाए। इससे जनता को राहत मिल रही है। शिवराज ने इंदौर में भूमाफिया के खिलाफ काम की तारीफ की। बोले- भूमाफिया प्रदेश से भागते फिर रहे हैं। इससे लोगों में खुशी है। उनकी आंखों में मैंने खुशियों को देखा है।




## पंजीकृत किसानों को होगा सत्यापन

- पंजीकृत किसानों का सत्यापन किया जाए।
- जो सहकारी समितियां अच्छे से काम नहीं कर रही हैं, उन्हें खत्म करें।
- कलेक्टर भंडारण के लिए निजी गोदाम मालिकों के साथ समन्वय बनाएं। परीक्षण करने के बाद ही मान्यता दें।
- उपार्जन संबंधी अवैध परिवहन की शिकायतें मिलने पर सख्त कार्रवाई करें।
- रेत परिवहन के प्रकरणों में निराकरण करने वाले प्रथम 3 जिलों में इंदौर, शहडोल एवं देवास।
- खरीदी में गंभीर अनियमितता वाली संस्थाओं को ब्लैक लिस्टेड करें।
- जिन समितियों ने किसानों को भुगतान नहीं किया, उनकी सम्पत्ति कुर्क करें। किसानों को नुकसान न हो।
- राशन के लिए नवीन परिवारों को पात्रता पर्ची का वितरण किया जाए।
- बड़े मिलावटखोरों के विरुद्ध अभियान में अब तक 10,176 रेग्युलेटरी नमूने, 92098 सर्विलेंस नमूने और 9.25 करोड़ के अमानक खाद्य पदार्थ जब्त किए।

## 12 मार्च को नगरोदय...

शिवराज ने कहा कि 12 मार्च को नगरोदय कार्यक्रम है। इसकी तैयारी करें। सीएम ने चिटफंड कंपनियां, अवैध शराब की रोकथाम, विकास कार्य, कोरोना वैक्सीनेशन, मिलावटखोरी व भूमाफिया पर कार्रवाई और गेहूं, धान, ज्वार व बाजरा की खरीदी सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान बेहतर काम करने वाले कई जिलों ने प्रेजेंटेशन दिया। सीएम ने प्रशंसा भी की।

### राशन में ऐसी परफॉर्मेंस

कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि पीडीएस राशन के लिए सितंबर 2020 से फरवरी 2021 की अवधि में 9.24 लाख पात्रता पर्चियां दी गईं। इसमें जबलपुर, ग्वालियर, भोपाल, उज्जैन, राजगढ़, सीहोर, मंदसौर, खंडवा, सिंगरौली, बड़वानी, श्योपुर, बुरहानपुर और आगर-मालवा ने सौ फीसदी पर्ची वितरण किया। फरवरी 2021 में 783079 परिवारों ने राशन प्राप्त किया।

### मैदान में सजग रहें, दौरे करें

शिवराज ने कहा, सुशासन देने का बड़ा हथियार वीडियो कांफ्रेंसिंग है। वह बोले, आपको दुर्लभ सौभाग्य मिला है कि आप फील्ड में काम कर रहे हैं। सजग रहें, दौरे करें और जनता से मिलें, ताकि समस्याओं का समाधान हो सके।

**पत्रिका ग्लोबल फेस्ट: शहर के रॉयल ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन सालाखेड़ी रतलाम कैंपस में मना ड्राइंग फेस्ट**

# स्वच्छता को लेकर कैनवास पर उकेरे रंग


पत्रिका ग्लोबल फेस्ट 7-14 मार्च 2021
पढ़िए... देखिए... सुनिए...

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. पत्रिका ग्लोबल फेस्ट के तहत बुधवार को रॉयल ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन, सालाखेड़ी रतलाम कैंपस में ड्राइंग फेस्ट का आयोजन किया गया। इस दौरान यहां के विद्यार्थियों ने स्वच्छ भारत, स्वच्छ रतलाम की थीम पर कैनवास पर रंग उकेरे। स्पर्धा में कॉलेज के 60 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया और एक से बढ़कर एक शानदार ड्राइंग बनाई।

ड्राइंग फेस्ट के दौरान पत्रिका रतलाम के स्टाफ के साथ कॉलेज के डॉ उबेद अफज़ल डायरेक्टर, डॉ मनीष सोनी हेड फार्मेसी विंग, डॉ रविंद्रजीत अरोरा हेड एजुकेशन विंग, डॉ अमित शर्मा हेड कॉमर्स विंग, डॉ प्रवीण मंत्री हेड मैनेजमेंट विंग, प्रो कपिल केरोल, प्रो विजय सोनी आदि उपस्थित थे। स्पर्धा के तहत प्रथम पुरस्कार प्रथम श्रेया राठौर, द्वितीय सुरभि सिसौदिया और तृतीय स्नेहा रंगरेज रही।





स्पर्धा में प्रथम स्थान श्रेया राठौर की रचना को मिला।

पत्रिका-11



प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाली युवतियां।

**पत्रिका ग्लोबल फेस्ट के तहत आज होगी काव्य फेरी-** पत्रिका ग्लोबल फेस्ट के तहत पांचवे दिन गुरुवार को काव्य फेरी का आयोजन किया जाएगा। उक्त आयोजन में स्थानीय कवियों द्वारा वर्चुअल रूप से काव्य पाठ और उनके द्वारा रचित रचनाएं सुनाई जाएगी। पत्रिका द्वारा बीते 4 दिनों के दौरान विभिन्न इस पद में आयोजित की गई है जिसमें आमजन ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है।

patrika.com

**स्कैन कर देखें स्टूडेंट्स ने किस तरह बनाए चित्र**

पत्रिका

https://www.patrika.com/ratlam-news/ratlam-patrika-news-6738965/

**ड्राइंग फेस्ट के लाइव वीडियो रतलाम पत्रिका फेसबुक पेज पर देखें**

https://www.facebook.com/watch/live/?v=471256840681014&ref=watch_permalink

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार राज एक्सप्रेस पृष्ठ 16 दिनांक 11/03/2021

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने कलेक्टर–कमिश्नर कान्फ्रेंस में दिए निर्देश

# राशन की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ करें सख्त कार्रवाई

## जिन जिलों ने अच्छी कार्रवाई की, उनको बधाई, बाकी जिले भी तेजी लाएं

भोपाल, (प्रसं)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राशन की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। गरीबों का हक मारने वालों को किसी भी हाल में छोड़ा न जाए।

श्री चौहान ने बुधवार को कलेक्टर और कमिश्नर कान्फ्रेंस में अधिकारियों से कहा कि प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर के मामले में हम बेहद गंभीर हैं। सभी जिलों में अच्छी कार्रवाई हुई है। अपराधियों को किसी भी कीमत पर छोड़ना नहीं है, उन्हें समूल खत्म करना है। जिन जिलों ने अच्छी कार्रवाई की, उनको बधाई और बाकी जिले भी तेजी लाएं। श्री चौहान ने प्रदेश में चिन्हित अपराधों में की गई कार्रवाई की समीक्षा की। उन्होंने सीधी, सतना, रतलाम, देवास और पन्ना जिला प्रशासन को बेहतर कार्रवाई के लिए बधाई दी। उन्होंने राशन की कालाबाजारी संबंधी अपराधों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। गरीबों का हक मारने वालों को किसी भी हाल में छोड़ा न जाए।

**अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई:** श्री चौहान ने प्रदेश में अवैध शराब को लेकर की गई कार्रवाई की समीक्षा की। आबकारी विभाग और पुलिस विभाग द्वारा की गई कार्रवाई में सामने आया कि अवैध शराब के मामले में 14 आरोपियों पर एनएसए के तहत कार्रवाई की गई और 79 आरोपियों पर जिलाबदर की कार्रवाई की गई। इसके अलावा 197 वाहन जब्त किए गए, जिनमें 141 को राजसात किया गया है।

**इंदौर में भूमाफिया के विरुद्ध कार्रवाई का सकारात्मक परिणाम मिला:** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि भू-माफियाओं के खिलाफ इंदौर जिला प्रशासन ने जो अभियान चलाया वास्तव में उसका परिणाम सकारात्मक रुप से सामने आया है। उन्होंने भू-माफियाओं के खिलाफ अभियान चलाने के मामले में इंदौर प्रशासन की सराहना की।

216-11



बुधवार को भोपाल स्थित राज्य मंत्रालय से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस में जिलेवार विभागीय समीक्षा की।

### गड़बड़ी करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर होगी कार्रवाई

श्री चौहान ने बुधवार को कलेक्टर-कमिश्नर कान्फ्रेंस में कहा कि जो अधिकारी व कर्मचारी बेहतर काम करेंगे। उनको सम्मानित किया जाएगा। जो कर्मी गड़बड़ करेंगे उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि हर जिले स्वच्छता के मामले में नंबर वन कैसे बने, इस मामले में सब मिलकर कोशिश करें। सुशासन देना हमारा मूल उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि हम हर क्षेत्र में कैसे और बेहतर उन्नति कर सकते है, इस पर काम करें।

### चिटफंड कंपनियों से 4327 निवेशकों को पैसे वापस कराए

कलेक्टर व कमिश्नर कान्फ्रेंस में बताया गया कि आबकारी विभाग और पुलिस विभाग के द्वारा जानकारी दी गई कि अब तक 12 लाख 82 हजार 920 लीटर शराब जब्त की गई। वहीं 11,845 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। चिटफंड कंपनियों के विरुद्ध 31 अपराध पंजीबद्ध कर कुल 4327 निवेशकों को 16.41 करोड़ वापस कराए गए। माह फरवरी में 2480 एकड़ जमीन कीमती 563 करोड़ की मुक्त कराई गई। फरवरी 2021 तक अवैध रेत परिवहन के 6088 मामलों में 20 करोड़ की वसूली की गई।

### माफिया, महिला अपराध और कानून व्यवस्था की समीक्षा

श्री चौहान ने माफिया के विरुद्ध कार्रवाई, महिला अपराध, कानून व्यवस्था की समीक्षा की। इंदौर कलेक्टर ने भूमाफिया को लेकर की गई कार्रवाई का प्रेजेंटेशन देना प्रारंभ किया। रेत परिवहन के प्रकरणों में निराकरण करने वाले प्रथम तीन जिलों में इंदौर, शहडोल एवं देवास है। रेत खनिज के संबंध में 199 वाहन राजसात किए गए। इंदौर में 40 प्रकरण दर्ज हुए और सभी का निराकरण हुआ और अर्थदंड के रूप में 23 लाख रुपए की राशि जमा हुई। शहडोल जिले में कुल दर्ज प्रकरण 27 हुये जिनमें सभी का निराकरण हुआ तो वहीं 1.25 लाख रुपए की राशि अर्थदंड के रूप में जमा हुई।

### 22,532 उचित मूल्य दुकानों पर अन्न उत्सव का आयोजन

कान्फ्रेंस में अधिकारियों ने बताया कि जनवरी में 22,532 उचित मूल्य दुकानों पर अन्न उत्सव का आयोजन किया गया। अन्न उत्सव में 56,500 मीट्रिक टन खाद्यान का वितरण किया जा चुका है। अन्न उत्सव में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया और दुकानवार नोडल अधिकारी नियुक्त किए जा चुके हैं।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–दै. भास्कर–पृष्ठ 05 दिनांक 11/03/2021

# माहेश्वरी डिस्पोजल से 350 किलो पॉलिथीन जब्त, 5 हजार का जुर्माना, 27 कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

स्वच्छता अभियान में पॉलिथीन का उपयोग रोकने बुधवार को नगर निगम ने बड़ी कार्रवाई की। गंदगी करने व पॉलिथीन इस्तेमाल करने वाले 15 व्यक्तियों पर स्पॉट फाइन लगाया। धानमंडी स्थित माहेश्वरी डिस्पोजल से 50 माइक्रोन से कम मोटाई की 350 किलो पॉलिथीन जब्त की गई।

दुकानदार पर पांच हजार का स्पॉट फाइन भी लगाया। इमरान, इनायत स्टोर, सुनील जावरा रोड, अमीन सागोद रोड पर 500 रुपए, राजेश गीता मंदिर रोड पर 250 रुपए, विजय त्रिपोलिया गेट, शांतिलाल महू रोड पर 100 रुपए, शारदाबाई बाजना बस स्टैंड व एक अन्य, अर्जुन त्रिपोलिया गेट, रोहन जेल रोड शैलेंद्र, राहुल व एक अन्य सैलाना बस स्टैंड पर 50 रुपए का जुर्माना लगाया। आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई।

## पॉवर हाउस रोड पर वॉल पेंटिंग से बनी ट्रेन को मिला पद्मश्री डॉ. लीला जोशी एक्सप्रेस नाम




स्वच्छता अभियान में नया कदम उठाते हुए नगर निगम ने पॉवर हाउस रोड पर रेलवे अधिकारी बंगले से डीआरएम कार्यालय तक की बाउंड्रीवॉल पर वॉल पेंटिंग कर बनाई ट्रेन का नामकरण कर दिया है। अब यह ट्रेन पद्मश्री डॉ. लीला जोशी एक्सप्रेस कहलाएगी। वहीं निगम ने रैग पिकर्स महिलाओं को सुरक्षा साधन भी प्रदान किए हैं।

## 27 सफाई कर्मचारियों का वेतन काटा

सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान बुधवार को 27 सफाई कर्मचारी बिना सूचना के गैरहाजिर मिले। आयुक्त सोमनाथ झारिया सभी को एक दिवस का वेतन काटा जाकर अस्थायी कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त करने व स्थायी कर्मचारियों को निलंबित किए जाने का नोटिस जारी किया है।

## वार्ड 3, 7, 8, 17, 18 व 19 में जीरो वेस्ट

जीरो वेस्ट वार्ड 3, 7, 8, 17, 18 व 19 में कचरा कलेक्शन वाहन के साथ दुर्गा व ईश्वर स्व सहायता समूह रैग पिकर्स महिला, आईईसी टीम के सदस्य आदि 100 प्रतिशत घर पर जाकर कचरा उठा रहे हैं। इसके बाद सूखे कचरा के वार्ड में ही निपटान किया जा रहा है, जबकि गीले कचरे को ट्रेंचिंग ग्राउंड भेजा जाकर कम्पोस्ट खाद बनाई जा रही है।

## सभी त्यौहार हर्षोउल्लास के साथ लेकिन सावधानीपूर्वक मनाएं– कलेक्टर

रतलाम। कलेक्टर गोपालचन्द्र डाड ने कहा है कि जिले में सभी समाजों के धार्मिक त्यौहार हर्षोउल्लास के साथ एवं सावधानी पूर्वक मनाने का शांति समिति के सभी सदस्यों द्वारा एक मत से निर्णय लिया गया है। विगत सप्ताह में कोरोना के तेजी से बढ़ते संक्रमण को देखते हुए यह जरूरी है कि त्यौहार आयोजन के दौरान सावधानी अनिवार्य रूप से बरती जाये। आयोजनकर्ता अनिवार्य रूप से मास्क, सैनीटाईजर तथा आपस में दो गज की दूरी का पूरे कार्यक्रम में पालन करवाये। जनभावना को दृष्टिगत रखते हुए प्रसादी वितरण व्यवस्था परम्परा अनुसार ही रहेगी, लेकिन संक्रमण से बचाव हेतु नवीन व्यवस्था अनुसार प्रसादी को घर ले जाकर परिवार वालों के साथ ग्रहण करने का अनुरोध आयोजनकर्ता करेंगे। सभी यह ध्यान रखे कि कोई भी व्यक्ति मास्क नहीं हटाये। जिला प्रशासन द्वारा धार्मिक यात्रा, रैली/जुलुस की अनुमति दी गई है एवं आवेदन प्रस्तुत करने पर समय–समय पर मांग अनुसार सतत् दी जा रही है। कलेक्टर श्री डाड ने कहा है कि जिले में विगत चार–पांच दिनों में बढ़ते हुए कोरोना मरीजों की संख्या एवं गत दिवस 9 मार्च को एक माह बाद पुनः एक और नागरिक की मृत्यु चिन्ताजनक है। अतः शांति समिति की अपील ... र नागरिक त्यौहार हर्षोउल्लास के साथ सावधानी पूर्वक ही ...।

अग्निबाण – 11

## सभी त्यौहार हर्षोउल्लास के साथ लेकिन सावधानी पूर्वक मनाएं : कलेक्टर

रतलाम। कलेक्टर गोपालचन्द्र डाड ने कहा है कि जिले में सभी समाजों के धार्मिक त्यौहार हर्षोउल्लास के साथ एवं सावधानी पूर्वक मनाने का शांति समिति के सभी सदस्यों द्वारा एक मत से निर्णय लिया गया है। विगत सप्ताह में कोरोना के तेजी से बढ़ते संक्रमण को देखते हुए यह जरूरी है कि त्यौहार आयोजन के दौरान सावधानी अनिवार्य रूप से बरती जाये। आयोजनकर्ता अनिवार्य रूप से मास्क, सैनीटाईजर तथा आपस में दो गज की दूरी का पूरे कार्यक्रम में पालन करवाये। जनभावना को दृष्टिगत रखते हुए प्रसादी वितरण व्यवस्था परम्परा अनुसार ही रहेगी, लेकिन संक्रमण से बचाव हेतु नवीन व्यवस्था अनुसार प्रसादी को घर ले जाकर परिवार वालों के साथ ग्रहण करने का अनुरोध आयोजनकर्ता करेंगे।

प्रसारण – 11

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार राज एक्सप्रेस पृष्ठ 19 दिनांक 11/03/2021

# आयोग इसी माह करेगा एक चुनाव कार्यक्रम की घोषणा

## आयुक्त ने राजनैतिक दलों के सदस्यों के साथ की बैठक



भोपाल, (प्रसं)। राज्य निर्वाचन आयोग में नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन के संबंध में राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के सदस्यों के साथ बैठक आयोजित हुई। बैठक में राज्य निर्वाचन आयुक्त बसंत प्रताप सिंह ने निर्वाचन प्रक्रियाओं की जानकारी दी। श्री सिंह ने कहा कि हाईकोर्ट के निर्देशानुसार आयोग मार्च में एक निर्वाचन की घोषणा अनिवार्यतः करेगा।

बैठक में राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों ने कहा कि पहले त्रि-स्तरीय पंचायतों के निर्वाचन करवाए जाएं। प्रतिनिधियों का कहना था कि पंचायत निर्वाचन अभी नहीं करवाए गए तो वर्षा ऋतु में पंचायत निर्वाचन संभव नहीं होंगे, क्योंकि एमपी बोर्ड की परीक्षाएं 30 अप्रैल से 18 मई तक और सीबीएसई की बोर्ड परीक्षाएं 04 मई से 12 जून तक निर्धारित हैं। नगरीय निकाय निर्वाचन वर्षा ऋतु में भी हो सकते हैं। राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री सिंह ने कहा कि पंचायत निर्वाचन के संबंध में बहुत सी कार्यवाही शासन स्तर पर लंबित है। यह कार्यवाही आगामी 15 से 20 दिन में पूरी होने की स्थिति में ही पंचायत निर्वाचन करवाने पर विचार किया जा सकता है। अगर ऐसा नहीं हुआ तो पहले नगरीय निकायों के निर्वाचन करवाए जाएंगे।

### आयुक्त ने किया स्पष्ट, ईवीएम से ही करवाए जाएंगे चुनाव


बैठक में कुछ राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने मतपत्र से निर्वाचन कराने की बात कही। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने स्पष्ट किया कि निर्वाचन ईवीएम से ही करवाए जाएंगे। राजनैतिक दलों के सदस्यों द्वारा मतदाता सूची में हुई त्रुटियों की जानकारी देने पर राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री सिंह ने कहा कि सभी शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। इस दौरान सचिव राज्य निर्वाचन आयोग दुर्गा विजय सिंह एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में भारतीय जनता पार्टी से एस.एस. उप्पल, संतोष शर्मा, ओमशंकर श्रीवास्तव, इंडियन नेशनल कांग्रेस से जेपी धनोपिया, विजय सिरवैया, बहुजन समाज पार्टी से सीएल गौतम, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया से शैलेंद्र शैली, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्ससिस्ट) से पीएन वर्मा, मध्यप्रदेश नेशनलिस्ट पार्टी से राजू भटनागर और ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस से सचिन सिंह चौहान उपस्थित थे।

राज-11

**कलेक्टर** सभी त्योहार हर्षोउल्लास के साथ लेकिन सावधानी पूर्वक मनाएं

# विरोध: प्रशासन-शांति समिति सदस्य बैकफुट पर आए, अब बंटेगा प्रसाद

पत्रिका करंट इश्यू



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रतलाम.** शांति समिति की बैठक में धार्मिक आयोजनों के दौरान प्रसादी वितरण पर लगाई गई रोक के बाद आमजन के विरोध के आगे आखिर में कलेक्टर और शांति समिति सदस्यों को झुकना पड़ा। कलेक्टर गोपाल चंद्र डाड द्वारा बुधवार को फिर से आदेश जारी करते हुए प्रसाद वितरण के साथ ही धार्मिक जुलूस से जुड़ी सभी अनुमति देने की बात कही है। दरअसल बीते 2 दिनों से लगातार प्रशासन के साथ ही शांति समिति सदस्यों के प्रति आमजन का आक्रोश फूट रहा था।

कलेक्टर और एसपी की मौजूदगी में हुई शांति समिति की बैठक के दौरान पहली बार धार्मिक आयोजनों में प्रसादी वितरण नहीं करने और जुलूस पर रोक लगाए जाने संबंधी निर्णय लेकर उन्हें प्रसारित किया गया था जिसके बाद आम जन में आक्रोश पनपने लगा वह हर कोई कलेक्टर, एसपी सहित शांति समिति सदस्यों को कोस रहे थे। इतना ही नहीं सोशल मीडिया पर भी इन लोगों के प्रति आमजन का गुस्सा भड़कता नजर आया जिसके बाद मजबूरी में सुशासन को बैकफुट पर आना पड़ा और अनुमति जारी करनी पड़ी।

## कलेक्टर बोले हर्षोल्लास से मनेंगे सभी त्योहार

कलेक्टर गोपालचन्द्र डाड ने कहा है कि जिले में सभी समाजों के धार्मिक त्यौहार हर्षोउल्लास के साथ एवं सावधानी पूर्वक मनाने का शांति समिति के सभी सदस्यों द्वारा एक मत से निर्णय लिया गया है। विगत सप्ताह में कोरोना के तेजी से बढ़ते संक्रमण को देखते हुए यह जरूरी है कि त्योहार आयोजन के दौरान सावधानी अनिवार्य रूप से बरती जाए।

## होगा प्रसाद का वितरण

आयोजनकर्ता अनिवार्य रूप से मास्क, सैनीटाईजर तथा आपस में दो गज की दूरी का पूरे कार्यक्रम में पालन करवाए। जनभावना को दृष्टिगत रखते हुए प्रसादी वितरण व्यवस्था परम्परा अनुसार ही रहेगी लेकिन संक्रमण से बचाव के लिए नवीन व्यवस्था अनुसार प्रसादी को घर ले जाकर परिवार वालों के साथ ग्रहण का अनुरोध आयोजनकर्ता करेंगे। सभी यह ध्यान रखे कि कोई भी व्यक्ति मास्क नहीं हटाए।

## अब रैली, जुलूस की मिली अनुमति

जिला प्रशासन द्वारा धार्मिक यात्रा, रैली, जुलुस की अनुमति दी गई है एवं आवेदन प्रस्तुत करने पर समय-समय पर मांग अनुसार दी जा रही है। कलेक्टर ने कहा है कि जिले में विगत चार-पांच दिनों में बढ़ते हुए कोरोना मरीजों की संख्या एवं गत दिवस 9 मार्च को एक माह बाद पुनः एक और नागरिक की मृत्यु चिन्ताजनक है। अतः शांति समिति की अपील अनुसार नागरिक त्यौहार हर्षोउल्लास के साथ सावधानी पूर्वक ही मनाएं।

## हिंदू संगठनों का था विरोध

पत्रिका

धार्मिक आयोजनों को लेकर प्रशासन और शांति समिति सदस्य के निर्णय को लेकर हिंदू संगठन से जुड़े लोगों में आक्रोश पनप रहा था। हर कोई प्रशासन और शांति समिति के सदस्यों को सोच रहा था कि आखिर अधिकारियों के आगे उनकी जुबान क्यों नहीं खुलती है। विरोध स्वरूप कहीं कोई पुतला दहन निकल रहा था तो कहीं कोई किसी और तरीके से विरोध दर्ज करा रहा था जिसके चलते दबाव में आकर कलेक्टर को शांति समिति सदस्यों के साथ मिलकर उक्त फैसले को बदलना पड़ा।

लगातार



पत्रिका

पत्रिका में प्रकाशित

### आगामी त्यौहार कोरोना प्रोटोकॉल के अनुसार मनाने होंगे

# त्योहारों पर कोरोना की छाया, नहीं निकलेगी गेर, सोशल मीडिया पर विरोध

दबंग रिपोर्टर ■ रतलाम

इस बार भी त्योहार कोरोना की छाया में ही मनेंगे। शिवरात्रि, होली, धुलेंडी रंगपंचमी, जैसे आगामी त्योहारों का आयोजन कोरोना प्रोटोकॉल के अनुसार किया जाएगा। कोराना के बढ़ते प्रकोप के बाद शांति समिति की बैठक में जिला प्रशासन ने यह जानकारी दी। हालांकि इस तरह के निर्णय का विरोध भी सोशल मीडिया पर सामने आ रहा है।

संक्रमण से आमजन को बचाने के लिए लोगों के भीड़ के रूप में एकत्रीकरण को हतोत्साहित किया जाएगा। यह जानकारी कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में दी । कलेक्टर ने बताया कि जिले में कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए धारा 144 के तहत प्रतिबंध लागू किए गए हैं। जिले में मास्क उपयोग अनिवार्य करने के लिए सघन अभियान संचालित किया जाएगा।

कलेक्टर ने बैठक में सदस्यों से कहा कि कोरोना का खतरा बरकरार है। यूएसए तथा यूके से आ रही कोरोना वेव खतरनाक सिद्ध हो सकती है, इसके लिए रोकथाम उपाय आवश्यक है। सभी लोग मास्क का उपयोग करे, सेनेटाइजर और 2 गज की दूरी का पालन करें। Col: 10

## जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में दी गई जानकारी



### नेताजी के लिए नही है कोरोना

सोशल मीडिया पर शहर के कई नागरिकों ने होली, रंगपंचमी की गेर नही निकालने का विरोध शुरू कर दिया है। कई लोगो ने ये लिखा है कि पर्वों पर कोरोना का डर बताया जा रहा है लेकिन नेताओं की रैलियों एवं राजनैतिक कार्यक्रमों पर कोई रोक नही है। कई लोगो ने भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा के शहर मे आने पर की गई रैली एवं आयोजन पर भी सवाल उठाए ।

## माइक, डीजे के लिए लेनी होगी अनुमति, प्रसादी वितरण भी नहीं होगा

त्योहारों के दृष्टिगत कलेक्टर ने बताया कि प्रसादी वितरण नहीं किया जा सकेगा। होली पर गेर नहीं निकलेगी। गोठ का आयोजन नहीं होगा।
त्योहारों पर प्रसाद प्रसादी वितरण नहीं होगा। किसी भी प्रकार की धार्मिक यात्रा, जुलूस के लिए अनुमति लेना होगी, जिसके लिए परिस्थिति अनुसार प्रशासन विचार करेगा। होलिका दहन पर नवीन स्थल के लिए अनुमति लेना होगी, पुराने स्थलों पर डीजे माइक के लिए अनुमति लेना होगी। बैठक में अपील की गई कि कोरोना से बचाव के लिए लोग रंग नहीं खेलें। सदस्यों द्वारा ध्यानाकर्षण पर पुलिस अधीक्षक तिवारी ने सीएसपी चौहान को निर्देशित किया कि शहर में टू व्हीलर पर तीन सवारी अब दिखनी नहीं चाहिए। साथ ही तेज स्पीड में टू व्हीलर चलाने वाले के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें, उनको पकड़कर न्यायालयीन कार्रवाई की जाए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिडे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील पाटीदार, एसडीएम एमएल आर्य, अभिषेक गहलोत, सीएसपी हेमंत चौहान, शांति समिति सदस्य शैलेंद्र डागा, शहर काजी अहमद अली, प्रदीप उपाध्याय, मनोहर पोरवाल, महेंद्र गादिया, गोविंद काकानी, शरद जोशी, राजेश मूणत, जमील पटेल, एम.एल. नगावत, सलीम आरिफ, अशोक चौटाला, ओमप्रकाश त्रिवेदी उपस्थित थे।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–दै. भास्कर–पृष्ठ 07 दिनांक 11/03/2021

रतलाम जिला

भास्कर 11

**मूलभूत सुविधा नहीं** • पदाधिकारियों ने तीन दिन में समस्याओं के समाधान के लिए दिया अल्टीमेटम

# पानी नहीं मिला तो एबीवीपी ने साइंस कॉलेज का ऑफिस घेरा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

साइंस एंड आर्ट्स कॉलेज जिले का लीड कॉलेज है लेकिन सुविधा के नाम पर कुछ नहीं है। पीने के पानी तक की भी व्यवस्था भी नहीं है। इससे पीने के पानी के लिए भटकना पड़ रहा है।

सुविधाघर की व्यवस्था भी नहीं है। जो सुविधाघर है उनकी सफाई नहीं होती है। जबकि स्वच्छ भारत अभियान चल रहा है। प्राचार्य कक्ष के पीछे परीक्षा फॉर्म अनुकल एवं मार्कशीट वितरण के लिए खिड़की लगी है लेकिन यहां शेड नहीं है। इससे धूप में लाइन में खड़े रहना पड़ता है। कॉलेज में जो भी अन्य अव्यवस्था है उसका निराकरण अगले तीन दिन में किया जाए। यदि तीन दिन में समस्याओं का हल नहीं होता है उग्र आंदोलन किया जाएगा।

यह चेतावनी बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने दी है। कॉलेज में व्याप्त समस्याओं के निराकरण के लिए पहले प्रदर्शन किया और फिर नारेबाजी की। इसके बाद कॉलेज प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा कि लाइब्रेरी में विद्यार्थियों के लिए पढ़ाई की व्यवस्था नहीं है। ना तो समाचार पत्र आ रहा है और ना ही सभी तरह की मैग्जीन आ रही है। अजा, अजजा के विद्यार्थियों को रजिस्टर एवं किताबें नहीं मिली है। मूलभूत सुविधाएं जल्द मुहैया कराई जाएं ताकि परेशानी दूर हो सके। यदि मूलभूत सुविधा नहीं मिलती है तो आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा। इस मौके पर विशाल डाबी, नरेंद्र पाटीदार आदि मौजूद थे।



कॉलेज में व्याप्त समस्या बताते हुए एबीवीपी के पदाधिकारी।

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में दी गई जानकारी

# आगामी त्यौहारों का आयोजन कोरोना प्रोटोकॉल के अनुसार होगा

रतलाम। जिले में आगामी त्यौहारों का आयोजन कोरोना प्रोटोकॉल के अनुसार किया जाएगा। संक्रमण से आमजन को बचाने के लिए लोगों के भीड़ के रूप में एकत्रीकरण को हतोत्साहित किया जाएगा। यह जानकारी कलेक्टर गोपालचंद्र डाड द्वारा जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में दी गई। कलेक्टर ने बताया कि जिले में कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए धारा 144 के तहत प्रतिबंध लागू किए गए हैं। जिले में मास्क उपयोग अनिवार्य करने के लिए सघन अभियान संचालित किया जाएगा। कलेक्टर ने बैठक में सदस्यों से कहा कि कोरोना का खतरा बरकरार है। यूएसए तथा यूके से आ रही कोरोना वेव खतरनाक सिद्ध हो सकती है, इसके लिए रोकथाम उपाय आवश्यक है। सभी लोग मास्क का उपयोग करें, सेनीटाइजर और 2 गज की दूरी का पालन करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील पाटीदार, एसडीएम एम.एल. आर्य, अभिषेक गहलोत, सीएसपी हेमंत चौहान, शांति समिति सदस्य शैलेंद्र डागा, शहर काजी अहमद अली, प्रदीप उपाध्याय, मनोहर पोरवाल, महेंद्र गादिया, गोविंद काकानी, शरद जोशी, राजेश मूणत, जमील पटेल, एम.एल. नगावत, सलीम आरिफ, अशोक चौटाला, ओमप्रकाश त्रिवेदी आदि उपस्थित थे।

त्योहारों के दृष्टिगत कलेक्टर ने बताया कि प्रसादी वितरण नहीं किया जा सकेगा। होली पर गैर नहीं निकलेगी। गोठ का आयोजन नहीं होगा। त्योहारों पर प्रसाद प्रसादी वितरण नहीं होगा। किसी भी प्रकार की धार्मिक यात्रा, जुलूस के लिए अनुमति लेना होगी जिसके लिए परिस्थिति अनुसार प्रशासन विचार करेगा। होलिका दहन पर नवीन स्थल के लिए अनुमति लेना होगी, पुराने स्थलों पर डीजे माइक के लिए अनुमति लेना होगी।

बैठक में अपील की गई कि कोरोना से बचाव के लिए लोग रंग नहीं खेलें। सदस्यों द्वारा ध्यानाकर्षण पर पुलिस अधीक्षक श्री तिवारी ने सीएसपी श्री चौहान को निर्देशित किया कि शहर में टू व्हीलर पर तीन सवारी अब दिखनी नहीं चाहिए। साथ ही तेज स्पीड में टू व्हीलर चलाने वाले के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें, उनको पकड़कर न्यायालयीन कार्रवाई की जाए।

# महलवाड़ा का अधिग्रहण करने की फिर उठी मांग

रतलाम। वसंत पंचमी पर रतलाम के स्थापना दिवस से लेकर रतलाम राज्य के संस्थापक महाराजा रतनसिंह जी की 402वीं जयंती तक रतलाम में महलवाड़ा के अधिग्रहण की मांग छाई रही है। स्थापना दिवस पर शहरवासियों ने विभिन्न आयोजनों में यह मांग मुखर की, तो महाराजा की जयंती पर राजपूत समाज ने इस मांग को लेकर एक बार फिर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

रतलाम का महलवाड़ा रखरखाव के अभाव में जर्जर हो रहा है। विधायक चेतन्य काश्यप ने इस संबंध में शासन का ध्यान आकर्षित करने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हुई है। इससे दिनों-दिन राजमहल दुर्दशा का शिकार हो रहा है। रतलाम के स्थापना दिवस पर महलवाड़ा के सामने सड़क पर स्थापित महाराजा की प्रतिमा के सामने आयोजन होते हैं, जबकि महाराजा की जयंती पर भी कोई महलवाड़ा में नहीं जाता। इससे वर्तमान में इसकी स्थिति का अंदाजा कोई नहीं लगा पा रहा है।

रतलाम का महलवाड़ा, इंदौर के राजवाड़ा की तर्ज पर ऐतिहासिक धरोहर के रूप में विकसित किया जा सकता है। इसके लिए शासन को पहल करना होगी। वर्तमान में महलवाड़ा परिसर में कुछ शासकीय कार्यालय संचालित किए जा रहे हैं, जिससे शासन ही इस परिसर का रखवाला है। राजपूत समाज ने स्थापना दिवस के बाद आई महाराजा की जयंती पर उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण के बाद महलवाड़ा को अधिग्रहण करने की मांग को लेकर जिला प्रशासन को ज्ञापन दिया है। इससे पूर्व समाज के कई संगठन इस संबंध में शासन को मांग पत्र सौंप चुके हैं। इस बार ज्ञापन देते समय न्यास अध्यक्ष राजेंद्रसिंह गोयल, मंडल अध्यक्ष शैलेंद्रसिंह देवड़ा, मित्र मंडल अध्यक्ष गोपालसिंह गेहलोत, मनोहरसिंह चौहान, किशोर सिंह चौहान, राजेंद्र सिंह पंवार, महेंद्रसिंह राठौर, विजयसिंह चौहान, भारतसिंह सोलंकी, महेंद्रसिंह चौहान, शंभूसिंह सिसोदिया, राजू हाकी सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। उपग्रह-11

# स्वच्छ रहें हम और अपने शहर को पूरा स्वच्छ बना दें

रतलाम। 'नए रवि की नई रश्मियां नई भोर के संग है आई, उम्मीदों की सुखद लालिमा क्षितिज पास है कैसी छाई। अंधकार के पर कतरे हैं, मन पंछी उन्मुक्त हुए हैं। बुरे दौर के बुरे स्वप्न से, सब प्राणी अब मुक्त हुए हैं। बीते कल की बीती बातें अपने मन से हम बिसरा दें, स्वच्छ रहें हम और अपने शहर को पूरा स्वच्छ बना दें।'

शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का आव्हान करने वाली उक्त रचना वरिष्ठ साहित्यकार 'आशीष दशोत्तर' ने स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत नगर पालिक निगम और अनुभूति संस्था के बैनर तले आयोजित काव्य गोष्ठी में प्रस्तुत की।

श्री कालिका माता मंदिर परिसर स्थित नगर निगम के सांस्कृतिक मंच पर आयोजित काव्य गोष्ठी में वरिष्ठ साहित्यकार हरीशंकर भटनागर, डॉ. मोहन परमार, संजय सरल और रामचन्द्र अम्बर आदि मौजूद रहे।

श्री भटनागर ने कविता प्रस्तुत करते हुए पढ़ा 'रतलाम का फिर से इतिहास बनाना है, इस नगर को भारत में चमकाना है, ये नगर हमेशा से सुंदर कहलाता है, मालवा के हर मन को शुरू से बहलाता है, आओ मिलकर सबको अब स्वच्छ बनाना है, इस रतलाम नगर को भारत में हमको चमकाना है'।

कविता प्रस्तुत करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. मोहन परमार ने कहा 'मैं अपना घर आँगन साफ रखूं तो कोई बात बने। तुम अपना घर आँगन साफ रखो तो कोई बात बने। फिर गली, मोहल्ले, नगर वाले प्रेरित होकर हम स्वच्छता को दोहराए तो बात बने। हम सबके प्रयास से स्वच्छता पर्यावरण शुद्धता का संदेश संसार में जाए तो कोई बात बने।'

कवि रामचन्द्र अम्बर ने रचना पाठ करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया 'जन-जन का आव्हान यही है, स्वच्छ रहें-स्वस्थ्य रहें, जन-जन का मान यही है। स्वच्छ रहे सुंदर रहे हमारा रतलाम। स्वच्छता से शहर का हर कोना चमकेगा, हर जन स्वच्छता का संकल्प लेगा, बीमारियों से मुक्त हर जन रहेगा।'

कवि संजय सरल ने रचना पाठ किया 'क्या तुमने महसूस की अपनों की पीड़ा ? तुम देख सकते हो अपनों की मौत? यदि नहीं तो क्यों करते हो वार अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी से। क्या तुमने सोचा है ? जब नहीं रहेंगे पेड़ तो तुम भी बच नहीं पाओगे। सोचो खूब सोचो पेड़ों के बारे में न सही अपने बारे में।'

उपग्रह-11

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–इन्दौर समाचार पृष्ठ 15 दिनांक 10/3/2021

– मुख्यमंत्री शिवराजसिंह जी चौहान के उदबोधन को देखा व सुना

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नगर पालिक निगम ने किए आयोजन

– रैग पिकर्स महिलाओं को सुरक्षा साधन उपलब्ध कराते हुए सम्मानित किया गया

इन्दौर-10

रतलाम। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर नगर पालिक निगम ने महिलाओं के सम्मान में अनेक आयोजन किए। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश और मार्गदर्शन में आज सुबह जहां एक और स्वच्छता दौड़ में सैकड़ों खिलाड़ियों ने नगर के प्रमुख मार्गो पर स्वच्छता का संदेश दिया वही शाम को नारी शक्ति के सम्मान को लेकर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर रैग पिकर्स सहित यहां मौजूद महिलाओं को आदर पूर्वक सम्मान किया गया।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह जी चौहान द्वारा भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर दिये उद्बोधन का सीधा प्रसारण नगर निगम सभागृह में किया गया जिसे निगम अधिकारी, कर्मचारी, सफाई संरक्षक, स्व सहायता समूह व रैग पिकर्स महिलाओं ने देखा व सुना। नगर निगम सभागृह में नारी शक्ति के सम्मान में विशेष आयोजन किया गया। जिसमें स्वच्छता दीदी, रिंग पिकर्स, महिला अधिकारी-कर्मचारी और सफाई संरक्षक बहने मौजूद रही। उपायुक्त विकास सोलंकी, श्रीमती ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री जी.के. जायसवाल, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी.सिंह, स्वच्छता कनसल्टेंट प्रतीक मिश्रा, उपयंत्री अनवर कुरेशी, सिटी मैनेजर कपील मारोठिया, नितिन तिवारी उपस्थित में आयोजित इस नारी सम्मान समारोह में आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कहां कि प्राचीन भारत में नारी के सम्मान की बात को देवताओं के वास से जोड़ा गया था। यदि सभी लोग सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के साथ जुड़ेंगे तो हम लोग नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़े कार्यक्रम को आगे बढ़ाने में सफल होंगे। श्री झारिया ने कहां कि जहां नारी होती है वहा अनुशासन रहता है। आज की नारी किसी भी कार्य को करने में पीछे नही रहती है। अगर वो ठान ले तो पहाड़ से भी रास्ता निकाल सकती है। आयुक्त ने यहां मौजूद माता-बहनो से रतलाम शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत नम्बर-1 बनाने का आव्हान करते हुए कहां कि शहर का नाम देश में ऊंचा होगा तो पूरे शहर का मान बढ़ेगा। इसलिए सभी सकारात्मक भाव से शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के प्रयास जारी रखे।

**महिलाओं को सम्मानित किया गया**–नारी सम्मान के लिए आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता दीदी, रिंग पिकर्स, स्वयं सहायता समूह की सदस्यों और निगम कर्मी महिलाओं का सम्मान प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। रिंग पिकर्स महिलाओं को कचरा पृथक्कीकरण के दौरान उपयोग में आने वाले सुरक्षा साधन एप्रीन, गम बूट, कैप, हेण्ड ग्लव्स, साड़ी आदि का वितरण किया गया।

## दौड़ कर बताया स्वच्छता का महत्व

साईस एण्ड आर्टस कालेज मैदान में मैराथन दौड़ का आयोजन रखा गया जिसमें शामिल सैकड़ों खिलाड़ियों ने दौड़ कर शहर के विभिन्न मार्गो पर नागरिको को स्वच्छता का संदेश दिया। खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र व उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नईदुनिया–पृष्ठ 01 दिनांक 11/03/2021

# वार्डों में सफाई का स्तर परख रही टीम

## शहर में सर्वे शुरू, शहरवासियों से आठ सवालों पर फीडबैक भी ले रहे

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 में शहर की रैंकिंग सुधारने व अव्वल स्थान पाने के लिए की गई तैयारियों के बाद अब सर्वे शुरू हो गया है। क्वालिटी काउंसिल आफ इंडिया (क्यूसीआइ) की टीम स्वच्छता कार्यक्रमों की जमीनी हकीकत जानने में लगी है। बुधवार को शहर के विनोबा नगर, अलकापुरी सहित अन्य स्थानों पर टीम के पहुंचने की जानकारी मिली। हालांकि नगर निगम प्रशासन को इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई है। टीम के सदस्य लोकेशन की आनलाइन जानकारी मिलने के बाद सर्वे कर रहे हैं।



मालूम हो कि इस बार सिटीजन फीडबैक में बदलाव किया है। सिटीजन वाइस में टीम पब्लिक फीडबैक लेने के बजाए सीधे दिल्ली से फोन कर लोगों से बात करेगी। इधर, नगर निगम का सफाई अमला व अन्य अधिकारी भी पूरे शहर में सफाई इंतजामों को बेहतर करने में लगे हैं। रात में भी विशेष सफाई की जा रही है। कचरा संग्रहण वाहनों में गीला व सूखा कचरा अलग-अलग लेने के लिए सख्ती करने के साथ जीरो वेस्ट वार्ड के लिए भी ध्यान दिया जा रहा है।

**कचरा निष्पादन में मिलेगी बढ़त**

निगम प्रशासन ने इस बार जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर कचरे के निष्पादन को लेकर व्यवस्था में सुधार किया है। वहां आने वाले कचरे के पृथक्कीकरण के साथ ही कचरे से खाद बनाने व वार्डों को जीरो वेस्ट किए जाने की शुरुआत से सफाई की रैंकिंग में नंबर बढ़ना तय है। इसके साथ ही स्पाट फाइन, 50 माइक्रोन से कम की पालीथिन जब्ती का अभियान भी सफाई का स्तर सुधारने में सहायक होगा।

> सफाई इंतजाम बेहतर करने के लिए निगम स्तर पर लगातार काम किया जा रहा है। सफाई को आदत में शामिल कर लिया तो देश में शहर अव्वल हो जाएगा। टीम का सर्वे गोपनीय रहता है, हमारी तैयारी तो पूरी है।
>
> **-सोमनाथ झारिया**, निगमायुक्त

**कचरा संग्रहण वाहनों की कमी**

निगम के पास 53 कचरा वाहन हैं, लेकिन एक समय में चार से पांच वाहन खराब रहते हैं। वाहनों पर तैनात हेल्पर-चालकों की लापरवाही भी वार्डों से शत प्रतिशत कचरा संग्रहण में बाधक है।

# जीएफसी सर्वे : इंद्रलोक नगर और विनोबा नगर से सर्वे की शुरुआत

**रतलाम |** क्यूसीआई की टीम ने गार्बेज फ्री सिटी का सर्वे तेज कर दिया है। मंगलवार को यहां पहुंची टीम ने बुधवार को इंद्रलोक नगर, विनोबा नगर से सर्वे की शुरुआत की। इसके बाद दिनभर में 10 लोकेशन पर सर्वे किया। यह लोकेशन दिल्ली से ही सर्वे टीम को मिल रही थी। टीम के चार सदस्य वहां जाकर कचरा स्थान, डस्टबिन सहित सफाई व्यवस्था की फोटो लेकर अपलोड कर रही थी। गुरुवार को अमृत सागर तालाब जोन में सर्वे होगा। जीएफसी का सर्वे तकरीबन 10 दिन चलेगा। इस दौरान डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, संग्रहण वाहन, कचरा उठाव की स्थिति, कचरा निपटान की व्यवस्था के साथ सफाई कर्मचारियों की व्यवस्था आदि पॉइंट पर टीम सर्वे करेगी।